एक नजर में

राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने कांवड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा

उज्जैन। श्रावण मास के पावन अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट द्वारा रावण क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर और माल्यार्पण के साथ उनका आत्मीय सत्कार करते हुए जलपान कराया गया। राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापति के अनुसार कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सरिता पूर्ण और भूमिक का राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट परिवार द्वारा शॉल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। अतिथियों ने कांवड़ यात्रियों की सेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांवड़ यात्रियों की निरंतर सेवा और सहयोग का संकल्प भी लिया। स्वागत समारोह में राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र प्रजापति, जिला संयोजक रवि वर्मा, संगठन अध्यक्ष मुकेश रघुवंशी, महासचिव व सूचना प्रमुख लिना बारोड़, कोषाध्यक्ष नितिन जादौन, सूचना प्रमुख भालाराम प्रजापत, सत्संग प्रमुख विजय सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रूप सिंह जाट, सलाहकार प्रमुख रूपलाल भदावत, सह-सचिव राजेश रावल, व्यवस्था प्रबंधक प्रमुख लक्ष्मण राव वराडे, सहसंयोजक गुड्डू खिलचीपुर, मीडिया प्रमुख जितेन्द्र परिहार, आयुष प्रजापत, पार्थ नागर, सन्नी, हर्ष खत्री सहित मातृशक्ति से परिणीता ठाकुर एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वसंत विहार स्थित झुमरू मंदिर में मनाई जयंती

उज्जैन। महान गायक किशोर कुमार की जयंती पर वसंत विहार स्थित ख्यात गायक सुनील बावनिया द्वारा स्थापित किशोर कुमार के मंदिर झुमरू में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गायकों ने किशोर कुमार के गीत गाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनकी पसंदीदा दूध-जलेबी अर्पित की। उल्लेखनीय है कि किशोर दा अक्सर कहते थे कि खंडवा जाएंगे, दूध जलेबी खाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इंदौर के प्रसिद्ध संगीतज्ञ दीपक मल्होत्रा ने कहा कि किशोर कुमार ने हर रंग के गीत गाए। एक इंसान में इतनी विधाएं होना आसान नहीं है। वे एक बेहतरीन पार्श्व गायक, श्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ निर्माता-निर्देशक और एक अच्छे इंसान भी थे। उनके जैसा ऑलराउंडर कलाकार अब मिलना मुश्किल है। अध्यक्षता कला समीक्षक डॉ. हरीशकुमार सिंह ने की। इस अवसर पर वसंत विहार समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परब, निरंजन सरसिया, गोपाल जायसवाल, गायिका रेणु राठौर, प्रीति दीक्षित, दीपिका मल्होत्रा, पी.के. जायसवाल, दिनेश हलधर, पी.एन. दुबे, शैलेंद्र जोशी, श्रीमती मोहन, पिंकी मल्होत्रा और नलिनी बावनिया सहित कई संगीत प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों का स्वागत रतन रायकवार और सुनील कुमार ने किया। संचालन सुनील बावनिया ने किया व आभार रतनलाल रायकवार ने माना।

मांगों को लेकर सांसद के नाम सौंपा ज्ञापन

उज्जैन। भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी ने मंगलवार को सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद अनिल फिरोजिया के नाम पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वर्ष 2027 की राष्ट्रीय जनगणना के हाउस लिस्टिंग एवं जनसंख्या गणना दोनों चरणों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनगणना तथा सभी जातियों की जातिगत जनगणना को शामिल किए जाने की मांग की गई। बहुजन मुक्ति पार्टी एवं भारत मुक्ति महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आयुष्यमति गंगा मालवीय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में संसद का अधिवेशन चल रहा है और यही वह महत्वपूर्ण समय है, जब वर्ष 2027 की जनगणना के प्रारूप, प्रश्नावली एवं कार्यप्रणाली से जुड़े नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं। इसलिए संसद में इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाकर जनगणना के दोनों चरणों में ओबीसी एवं सभी जातियों की जातिगत गणना को शामिल किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार आवश्यक अधिसूचना, दिशा-निर्देश एवं प्रशासनिक आदेश जारी कर यह सुनिश्चित करे कि वर्ष 2027 की जनगणना में किसी भी जाति या वर्ग की जानकारी छूटने न पाए। संगठन ने केंद्र सरकार से सभी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर ईश्वर मालवीय, अशोक, हीरालाल ऐरवाल एवं तेज कुमार चौहान सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पटवारियों की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू

उज्जैन। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के भोपाल स्थित प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले के पटवारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल के तहत जिले के सभी पटवारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर सामूहिक रूप से अपने बैग और दस्तावेज जमा कर दिए। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष भगवानसिंह यादव ने बताया कि पटवारी संवर्ग की विभिन्न मांगें पिछले लगभग 25 वर्षों से लंबित हैं। कई बार शासन के समक्ष मांगें रखने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिसके चलते पटवारियों को चरणबद्ध आंदोलन के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा। आंदोलन की शुरुआत 20 जुलाई से काली पट्टी बांधकर कार्य करने के साथ हुई। इसके बाद 24 से 27 जुलाई तक सभी शासकीय व्हाट्सएप एवं अन्य आधिकारिक समूहों का बहिष्कार किया गया। 28 जुलाई से 2 अगस्त तक समस्त ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया गया। शासन स्तर पर कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर 3 अगस्त से मांगें पूरी होने तक अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल प्रारंभ कर दी गई। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आंदोलन के दौरान किसी भी तहसील में किसी पटवारी के विरुद्ध दमनात्मक या अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। संघ का कहना है कि हड़ताल के कारण किसानों और आमजन को होने वाली असुविधा की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले के सभी तहसीलों के बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे। पटवारी संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित कैडर रिव्यू प्रस्ताव को तत्काल लागू किया जाए एवं पटवारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाए तथा पदोन्नति से वंचित कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाए।

पुष्पा नहीं झुकेगा... चौड़ीकरण के मुद्दे पर लगाया कोर्ट में दावा

- दो तालाब-पंचमपुरा मार्ग बनेगा सिंहस्थ का नया कॉरिडोर
- मिशनरी स्कूल अस्पताल की जमीन पर कोर्ट के फैसले का इंतजार

उज्जैन। हमारी जाएगी तो उनकी भी जाएगी भेदभाव नहीं होगा, चौड़ीकरण बराबरी से होगा। कुछ ऐसे ही मुद्दों को लेकर पंचमपुरा से दो तालाब तक बनने वाली सड़क को लेकर मसला कोर्ट में पहुंच गया है। जब तक निर्णय नहीं आ जाता तब तक पंचम पुरा से आगे तक सड़क निर्माण अटका रहेगा, समन्वय बनाकर समाधान निकालने की कोशिश है। हाल फिलहाल दरकिनार हो गई है इधर पुष्पा ने नहीं झुकने का फैसला करते हुए कोर्ट के पाले में गेंद डाल दी है। पुष्पा मिशन प्रबंधन का मानना है कि सामने वाली पट्टी में से भी यदि नियम अनुसार जगह ली जाएगी तो बराबर तरीके से चौड़ी करण हो सकेगा। हम नहीं चाहते किसी का मकान टूटे बावजूद इसके जो नियम में है वह तो करना ही चाहिए हम भी हमारी उतनी जमीन देने को राजी है मगर किसी से बिल्कुल नहीं लोगों किसी से ज्यादा लोग तो ठीक नहीं।

देवास रोड से हरीफाटक- यह मार्ग केवल नानाखेड़ा रोड से ही नहीं जुड़ेगा, बल्कि देशमुख अस्पताल के समीप से हरिफाटक रोड तक भी कनेक्ट होगा। इससे भारी वाहनों और श्रद्धालुओं को शहर के भीतरी हिस्सों में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे बाईपास के माध्यम से सीधे मेला क्षेत्र तक पहुंच सकेंगे। प्रशासन का मानना है कि सिंहस्थ के दौरान यातायात का दबाव कम करने में यह मार्ग अहम भूमिका निभाएगा।

जमीन कानूनी विवादों में फंसी- हालांकि इस योजना की सबसे बड़ी चुनौती पुष्पा मिशन अस्पताल से लगी भूमि है। अस्पताल और स्कुल की जमीन को लेकर उज्जैन विकास प्राधिकरण मिशनरी के बिच लंबे समय से कानूनी विवाद चल रहा है। पूर्व में भी विकास प्राधिकरण द्वारा इस भूमि के अधिग्रहण के प्रयास किए गए थे। अब नगर निगम और अस्पताल प्रबंधन के बीच भी चौड़ीकरण को लेकर स्थिति न्यायालय के निर्णय पर टिकी हुई है।

ऋषि नगर की एक पट्टी भी होगी आजाद- दूसरी ओर, पुष्पा मिशन अस्पताल के सामने स्थित आजाद नगर और ऋषि नगर की एक पट्टी भी प्रस्तावित चौड़ीकरण की जद में आ रही है। इसे लेकर क्षेत्र में अलग-अलग मत सामने आ रहे हैं। कुछ रहवासियों का कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण दोनों ओर समान रूप से होना चाहिए। जबकि कुछ लोगों का मत है कि अस्पताल की ओर अधिक खुली भूमि उपलब्ध होने से उसी दिशा में अधिक चौड़ीकरण किया जाए। ताकि रहवासी क्षेत्र में कम नुकसान हो। वहीं कुछ लोगों का सुझाव है कि अस्पताल के पोर्च के सामने यदि अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाए जाएं तो सड़क की पर्याप्त चौड़ाई मिल सकती है और आजाद नगर-ऋषि नगर के कम मकान प्रभावित होंगे। प्रशासन भी सभी पक्षों के बीच व्यावहारिक समाधान तलाशने का प्रयास कर रहा है।

सीएम की परिकल्पना

बताया जाता है कि इस लंबे और चौड़े कॉरिडोर की परिकल्पना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की थी। अब नगर निगम, उज्जैन विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन मिलकर इसे मूर्त रूप देने में जुटे हैं।

60 फिट होगा रोड

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत शहर के सबसे महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में शामिल दो तालाब से पंचमपुरा होते हुए पुष्पा मिशन अस्पताल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रस्तावित योजना के अनुसार यह मार्ग लगभग 60 फीट चौड़ा विकसित किया जाएगा, जिससे देवास रोड और मक्सी रोड की ओर से आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक, यात्री और शहरवासी सीधे इंदौर रोड तथा सिंहस्थ मेला क्षेत्र तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्तनपान सप्ताह

घट्टिया। मध्यप्रदेश शासन की पोषण की गुणवत्ता में सुधार लाकर बच्चों को पोष्टिक व ताजा आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 3 माह के ट्रायल बेस पर रेडी टू इट योजना का क्रियान्वयन क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों पर शुरू किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना प्रतिनिधि श्वेता सिंह ने बताया कि मप्र शासन द्वारा आंगनवाड़ी पोषण आहार योजना (टेक होम राशन) में बदलाव करते हुए नौनिहालों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं को ताजा व पोष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वसहायता समुहो द्वारा निर्मित पोषण आहार पैकेट वितरण की व्यवस्था की जा रही है, इसको लेकर 4 अगस्त मंगलवार को सुपोषण दिवस पर घट्टिया के आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित करते हुए गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओ व 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को पोष्टिक आहार वितरण किया गया। पोषण आहार पैकेट वितरण मातृसह्योगिनी समिति के सदस्यों और ग्राम पंचायत पंच की उपस्थिति में किया गया। स्तनपान सप्ताह के दौरान महिलाओं को प्रथम 1000 दिवस, एवम बच्चे के जीवन का स्वर्णिम समय जिसमें बच्चे को स्तनपान के साथ ही अन्य आहार की शुरुआत के सही समय के महत्व को समझया गया। योजना क्रियान्वयन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पंच आशा वर्मा, आशा कार्यकर्ता साधना गुजराती, रेशम बाई, मातृसह्योगिनी समिति अध्यक्ष रूपा सोनी, ममता राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमकुंवर पंवार, सहायिका जयवंती जाटव, मनीषा बैरागी, पूजा परमार, कृष्णा तोमर, चन्द्रकान्ता, सुनीता चौरसिया आदि उपस्थित रही।

खाचरौद के ग्राम चावंड में निर्मित अमृत सरोवर 35 किसानों के लिए बना वरदान

उज्जैन। जनपद पंचायत खाचरौद के ग्राम पंचायत चावण्ड में जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को मजबूती देने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के अंतर्गत अमृत सरोवर का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृत राशि 38.71 लाख रुपये थी, जबकि वास्तविक व्यय 37.09 लाख रुपये रहा। विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र में वर्षा का पानी बिना उपयोग के बहकर व्यर्थ चला जाता था। गर्मी के मौसम में किसानों और ग्रामीणों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ता था। अब इस अमृत सरोवर के निर्माण से स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया है। सरोवर की जल संरक्षण क्षमता 32,000 घन मीटर है, जिससे आस-पास के लगभग 35 किसानों की फसलों की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से अमृत सरोवर की मांग की जा रही थी।

रक्त वर्गीकरण शिविर में 118 लोगों की जांच

नागदा। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यकता के समय रक्त समूह की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लायंस क्लब नागदा एवं हेल्प फॉर यू मेडिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इमामवाड़ा, चंबल मार्ग पर निःशुल्क रक्त वर्गीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 118 लोगों का रक्त समूह परीक्षण किया गया। विशेष बात यह रही कि मुस्लिम समाज की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी प्राप्त की। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ प्रतिभागियों को कपड़े की थैलियों का भी वितरण किया गया। अध्यक्षता लायंस क्लब अध्यक्ष एसएस शर्मा ने की। इस अवसर पर सचिव घनश्याम बब्बू राठी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी, गोविंद मोहता, अरविंद नाहर, सुनील त्रिवेदी, लता खेतान, राजेश इंद्र, डॉ. प्रमोद बाथम सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। रक्त वर्गीकरण डॉ. यश पोरवाल एवं डॉ. अनूप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख मस्जिद के इमाम, हेल्प फॉर यू मेडिकल सोसायटी के रहीम भाई मिर्जा मामू, गब्बर चाचा ऑटो यूनियन उपाध्यक्ष, रईस पठान सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

औषधीय पौधों में छिपा है स्वस्थ जीवन का रहस्य

उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में आई क्यू ए सी के तत्वावधान में वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा परंपरागत ज्ञान से आधुनिक औषधि तक औषधीय पौधों की भूमिका विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में विद्यार्थियों को भारतीय पारंपरिक ज्ञान, औषधीय पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रकृति की पूजा तथा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पर्यावरणविद् जेपी चतुर्वेदी ने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि औषधीय पौधे केवल रोगों के उपचार का माध्यम ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छोटी छोटी कहानियों के माध्यम से उन्होंने प्रकृति और उसके द्वारा सृजन व संतुलन पर अपनी बात रखते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मित्रता और देशभक्ति के तरानों से सजी जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी

उज्जैन। जैन कवि संगम के तत्वावधान में मित्र मिलन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवियों ने मित्रता, देशभक्ति, अध्यात्म और जीवन दर्शन पर अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मालवी काव्य संग्रह ओढ़नी के विमोचन पर संस्था की सहसचिव का विशेष सम्मान भी किया गया।

अध्यक्षता जैन कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। गोष्ठी का शुभारंभ अमित जैन द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संस्था की सहसचिव संगीता तल्लेरा के मालवी काव्य संग्रह ओढ़नी का विमोचन किया गया था। इस गौरवमयी उपलब्धि पर गोष्ठी में समूह की ओर से उनका आत्मीय सम्मान किया गया। योगेंद्र बैनाड़ा ने वीरों के सम्मान में, राजेंद्र जैन ने किसान व जवान पर तथा सुगनचंद जैन ने नारी शक्ति पर ओजस्वी रचनाएं पढ़ीं। श्रीमती भारती जैन ने मित्रता पर धार्मिक रचना प्रस्तुत की। सम्मान से अभिभूत संगीता तल्लेरा ने अपनी परछाई को सच्ची सहेली बताते हुए कविता पाठ किया। संचालन योगेंद्र बैनाड़ा ने किया और अंत में आभार राजेंद्र जैन ने माना।

कविताओं में छलके दोस्ती और राष्ट्रप्रेम के रंग

गोष्ठी के दौरान राजेश जैन अजन्ता ने मित्रता पर शायरी प्रस्तुत की। डॉ. अमरीश जैन ने वह दौर कब आएगा जब मां का बेटा आजाद कहाएगा, दिलीप जैन ने इच्छाओं को जिसने जीता वे संत हो गए कुमारी प्रियल जैन ने हर दोस्त कुछ सिखा देता है, और संदीप सृजन ने ईश्वर का उपहार जग में मित्रता सुनाकर खूब दाद बटोरी। प्रदीप बदनोरे ने दोस्त की याद, डॉ. अर्चना बाफना ने दोस्ती के विश्वास और सुदीप जैन ने अंधकार भरे मेरे जीवन में क्या कोई दीप जलाएगा जैसी भावपूर्ण कविताएं पढ़ीं।

पश्चिम रेलवे जीएम से मांग, कोटा- नागदा-रतलाम के बीच चलाई जाए मेमू ट्रेन

उज्जैन। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय के उज्जैन आगमन पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विजय अग्रवाल ने शहर की रेल समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए कोटा, नागदा और रतलाम के बीच मेमू ट्रेन चलाने, उज्जैन-फतेहाबाद ट्रेन के फेरे दो से बढ़ाकर चार करने और अवंतिका एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म नंबर आठ के बजाय एक पर ही लाने की प्रमुख मांग रखी। अग्रवाल ने महाप्रबंधक को बताया कि उज्जैन स्टेशन के आउटर पर महत्वपूर्ण गाड़ियां 30 से 40 मिनट तक खड़ी रहती हैं, जिससे ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होता है और वे देरी से चलती हैं। इस व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाना चाहिए। ट्रेनों की पार्किंग के लिए एनसीआर यार्ड में दो प्लेटफॉर्म पर पटरियां बिछाने और खाली पड़े लोको शेड की जगह पर वाशिंग पिट बनाने का महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया।

आगामी सिंहस्थ के लिए स्टेशनों का हो विस्तार

चर्चा में आगामी सिंहस्थ महापर्व का मुद्दा भी उठा। अग्रवाल ने मांग की कि सिंहस्थ के दबाव को देखते हुए पिंग्लेश्वर, पवासा, नईखेड़ी, विक्रम नगर, मोहनपुरा और चिंतामण गणेश स्टेशनों का विस्तार किया जाए और इन्हें सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए। इस अवसर पर डीआरयूसीसी मेंबर नंदकिशोर बैरागी, डीआरएम अश्विनी कुमार, एडीआरएम अक्षय कुमार सहित रेलवे के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

उज्जैन। विजयागंज मंडी क्षेत्र के ग्राम दतोत्तर में सत्यनारायण सेठ एवं लक्ष्मी पाटीदार परिवार के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा का वाचन महामंडलेश्वर 1008 श्री शान्तिस्वरुपानंदगिरि जी महाराज द्वारा 4 से 10 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक अम्बेमाता पाटीदार धर्मशाला में किया जाएगा। कथा प्रारंभ से पूर्व श्रीराम मंदिर से रामबाड़ा होते हुए पूरे ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई, जो पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।

एक नजर ▶ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

धार्मिक भावनाओं को किया आहत, जिनदत्ता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के शिक्षक पर कार्रवाई की मांग

महिदपुर। शहर में एक स्कूल में धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का मामला सामने आया है। जिसमें एक शिक्षक ने हिन्दू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। जिस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मामले में एसडीएम अजय हिंगे को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं एक निर्दोश शिक्षिका का हटाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। मामला जिनदत्ता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन महिदपुर का है। जहां पर शिक्षक आदित्य पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा जी के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आपत्ति लेते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि जिनदत्ता स्कूल शुरू से ही विवादों के घेरे में रहा है। वहीं आज दिनांक तक संबंधित शिक्षक पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इसके विपरीत जानकारी देने वाली शिक्षिका अनुपमा त्रिपाठी को ही उनके पद से हटा दिया गया है। यदि यह तथ्य सही है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाना आवश्यक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन में कहा कि शिक्षक आदित्य पाण्डेय के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर दोष सिद्ध होने पर तत्काल कठोर एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाए। वहीं शिक्षिका अनुपमा त्रिपाठी को हटाए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। तत्पश्चात पुनः अनुपमा त्रिपाठी को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक राजदीप सिंह चावड़ा, आदित्य राज मेहता मोहित गहलोत जतिन सोलंकी, दर्शन जादौन, प्राची शर्मा, तन्य सारडा आदि परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे उक्त जानकारी अभाविप के जिला संयोजक राजदीप सिंह चावड़ा ने दी।

इनका कहना है...

मामले की जानकारी लगी है, इसके संबंध में जांच की जाकर कार्रवाई की जाएगी।

किशोर परमार, बीईओ

हमारी मांग है कि धार्मिक मामले में टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए और निर्दोष शिक्षिका को न्याय दिलाया जाए।

-आदित्य मेहता, अभाविप

मुझे जो आरोप लगाए गए वहीं सभी गलत साबित हुए।

-अनुपमा त्रिपाठी

शिक्षा शुल्क को लेकर बच्चों को प्रवेश नहीं दिया गया। जिस पर मैंने कहा कि लेकर आता हूं तब तक तो आप बच्चों को स्कूल में प्रवेश दीजिए लेकिन वे नहीं माने।

महेश कमलाकर, पालक